के उल्लंघन के लिए दण्ड का प्रावधान करती है ।

(ग) मांसभक्षियों में पशुरोगों के संचरण की कोई घटना कृषि मंत्रालय के ध्यान में नहीं लाई गई है ।

(घ) से (च) : कृषि मंत्रालय भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा निर्धारित मानकों को खासकर उन वधशालाओं में, जिन्हें केन्द्रीय सरकार द्वारा वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई गई है, क्रियान्वित करने पर ध्यान दे रही है ।

भूख से हुई मौतें

1801. **श्री राम नरेश यादव : क्या कृषि मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को पिछले चार महीनों के दौरान देश के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों/शहरों में भूख से हुई अनेक मौतों के बारे में कोई जानकारी है; यदि हां, तो उनका राज्यवार ब्यौरा क्या है;

(ख) सरकार ने भूखमरी को रोकने के लिए क्या-क्या कदम उठाए हैं; और

(ग) भविष्य में ऐसी दुर्घटनाओं की पुनरावृति को रोकने के लिए क्या निदेश जारी किए जाने की सम्भावना है ?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुल्लापल्ली रामचन्द्रन) : (क) : राज्य सरकारों ने पिछले चार महीनों के दौरान भूख से मृत्यु होने की किसी घटना की सूचना नहीं दी है ।

(ख) और (ग) : प्रश्न नहीं उठते ।

नये उन्नत और विकसित बीजों का उत्पादन

1802. **श्री अनन्त राम जायसवाल : क्या कृषि मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) नये उन्नत और विकसित किस्म के बीजों का उत्पादन बढ़ाने और उन्हें किसानों को उपलब्ध कराने का कार्य राष्ट्रीय बीज निगम जैसे और कौन-कौन से निगम करते हैं ;

(ख) इन निगमों द्वारा छठे दशक के अन्तिम वर्षों में प्रत्येक फसल-वर्ष के दौरान सब्जियों के बीजों का कितना उत्पादन किया गया तथा 1990–91 और 1991–92 के फसल वर्ष में इनका कितना-कितना-उत्पादन था;

(ग) उक्त निगमों के सब्जियों के बीजों के उत्पादन में लगातार कमी आने के क्या कारण हैं;

(घ) क्या सरकार का ध्यान ऊपर भाग (ग) में उल्लिखित खतरनाक स्थिति की ओर दिलाया गया है; और

(ङ) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है और सरकार ने इस संबंध में क्या कार्यवाही की है ?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुल्लापल्ली रामचन्द्रन) : (क) नई उन्नत तथा विकसित किस्मों सहित बीजों का उत्पादन करने वाले विभिन्न बीज निगमों के नाम विवरण में दिए गए हैं (नीचे देखिए) ।

(ख) पचास के दशक के उत्तरार्द्ध में कोई भी बीज निगम अस्तित्व में नहीं था । राष्ट्रीय बीज निगम की स्थापना 1963 में की गई थी और इसके बाद राज्य बीज निगमों की स्थापना विभिन्न चरणों में की गई । 1990–91 तथा 1991–92 के लिए वनस्पति बीज उत्पादन नीचे दिया गया है :

वर्ष	मात्रा (लाख क्विंटल)
1990–91	0.10*
1991–92	0.17

*आन्ध्र प्रदेश तथा मध्य प्रदेश के आंकड़े सम्मिलित नहीं हैं ।

(ग) गिरावट का कोई रुख दृष्टिगोचर नहीं है।

(घ) और (ङ) प्रश्न नहीं उठता।

विवरण

विभिन्न बीज निगमों के नाम

क्र० सं०	बीज निगम का नाम
1.	राष्ट्रीय बीज निगम, नई दिल्ली।
2.	भारतीय राज्य फार्म निगम, नई दिल्ली।
3.	आन्ध्र प्रदेश राज्य बीज विकास निगम, हैदराबाद।
4.	असम राज्य बीज निगम दिसपुर (गुवाहाटी)।
5.	बिहार राज्य बीज निगम, पटना।
6.	गुजरात राज्य बीज निगम, गांधीनगर।
7.	हरियाणा बीज विकास निगम, चंडीगढ़।
8.	कर्नाटक राज्य बीज निगम, बंगलौर।
9.	महाराष्ट्र राज्य बीज निगम, अकोला।
10.	म० प्र० राज्य बीज एवं फार्म विकास निगम, भोपाल।
11.	पंजाब राज्य बीज निगम, चंडीगढ़।
12.	राजस्थान राज्य बीज निगम, जयपुर।
13.	उत्तर प्रदेश बीज एवं तराई विकास निगम, पंतनगर।
14.	पश्चिम बंगाल राज्य बीज निगम, कलकत्ता।
15.	उड़ीसा राज्य बीज निगम, भुवनेश्वर।

Per acre average yield of Sugarcane

1803. DR. NARREDDY THULASI REDDY : Will the Minister of AGRICULTURE be pleased to state :

(a) what is the average yield of sugarcane per acre in various States;

(b) whether it is a fact that the average yield of sugar-cane per acre in India is below that of Brazil and Hawai; and

(c) if so, what steps are contemplated to increase per acre yield of sugarcane in our country ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF AGRICULTURE (SHRI MULLAPPALLY RAMACHANDRAN) : (a) A Statement giving the average yield of sugarcane (in terms of cane) per hectare in major growing States during 1991-92 is annexed. (*See* below).

(b) The average yield of sugarcane in India at 65.8 tonnes per hectare is higher than that of 62.3 tonnes per hectare in Brazil during 1991, as per FAO Production Year Book 1991. The comparative Yield of sugarcane in Hawai is not available.

(c) Besides price and market support to increase the yield of sugarcane, under Sugarcane Development Fund by the Department of Food, various components such as Seed Production, Plant Protection measures, Demonstrations, Development of irrigation etc. have been taken up.

Statement

Average yield of sugarcane (in terms of cane) per hectare in major growing States during 1991-92.

	(*In tonne*)
Andhra Pradesh	73.2
Assam	38.5
Bihar	48.8
Gujarat	85.2
Haryana	55.9
Karnataka	83.8
Kerala	67.5
Madhya Pradesh	35.7
Maharashtra	79.8
Orissa	73.2
Punjab	63.5
Rajasthan	43.6
Tamil Nadu	101.0
Uttar Pradesh	57.6
West Bengal	70.4
All India	65.8